**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 03.09.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में अब विदेशी छात्रों को भी दाखिले का मौका

## विश्वविद्यालय ने पहली बार विदेशी छात्रों के लिए शुरू किए दाखिले



*विदेशी छात्रों के लिए दाखिला कार्यक्रम जारी करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

फरीदाबाद, 2 सितम्बर (ब्यूरो): अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का विस्तार करने की दिशा में कदम उठाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने पहली बार विदेशी विद्यार्थियों को दाखिला देने की शुरूआत की है। विश्वविद्यालय ने विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी विद्यार्थियों से दाखिले के लिए 15 सितम्बर 2020 तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी विद्यार्थियों की दाखिला विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) को जारी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसकेगर्ग भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि अकादमिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहयोग बढावा देते हुए विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की है। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के लिए अलग से छात्रावास की सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय सार्क देशों से विद्यार्थियों की अपेक्षा करता है। विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी राष्ट्र के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता और प्रबंधन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश की गई है, जिसके लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है तथा प्रोस्पेक्टस प्राप्त कर सकते है। विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में दाखिला के लिए पात्रता के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उमीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) या पर्सन आफ इंडियन आरिजन (पीआईओ) अथवा खाडी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी विश्वविद्यालय से की है, विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के अंतर्गत दाखिले के पात्र नहीं है।

विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध स्टूडेंट वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा और मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बिना दाखिला नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी विद्यार्थियों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जायेगा और इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu,03 September 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 03.09.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस में अब विदेशी छात्रों को भी दाखिले का मौका

**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का विस्तार करने की दिशा में कदम उठाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने पहली बार विदेशी विद्यार्थियों को दाखिला देने की शुरूआत की है। विश्वविद्यालय ने विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी विद्यार्थियों से दाखिले के लिए 15 सितम्बर, 2020 तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी विद्यार्थियों की दाखिला विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) को जारी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग



भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि अकादमिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ावा देते हुए विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

**NEWS CLIPPING: 03.09.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में विदेशी छात्रों को भी दाखिला

अच्छी खबर

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में अगले सत्र से विदेशी विद्यार्थियों का भी दाखिला हो सकेगा। इसके लिए वह 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विदेशी विद्यार्थियों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगा। इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दी। इसके लिए प्रोस्पेक्टस जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की गई हैं। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी के लिए अलग से छात्रावास की सुविधाएं मुहैया कराई गई है।

**शुरूआती चरण में सार्क देशों से विद्यार्थियों को दाखिला देगा विवि :** उन्होंने कहा कि शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय सार्क देशों से विद्यार्थियों को दाखिला देगा। विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध छात्र वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा। इस दौरान उन्हें मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, इसके बगैर दाखिला नहीं मिलेगा। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विदेशी राष्ट्र के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता और प्रबंधन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश की गई है। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **(jcboseust.ac.in/foreign-students)** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वहीं, **(ia@jcboseust.ac.in )** पर भी संपर्क कर सकते है।

विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार, ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई), पर्सन ऑफ इंडियन आरिजन (पीआईओ), खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिला ले सकते है। उन्होंने बताया कि एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतरराष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी विश्वविद्यालय से की है। विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के अंतर्गत वह दाखिले के पात्र नहीं है।

## सुविधा

- योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर होगा दाखिला
- इंजीनियरिंग में 15% और अन्य पाठ्यक्रमों में 5% सीटें आरक्षित

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 03.09.2020**

## NAVBHARAT TIMES

सुविधा इंजीनियरिंग कोर्स में 15 प्रतिशत सीटें व अन्य में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित

# जेसी बोस में अब विदेशी छात्र भी कर सकेंगे पढ़ाई

■ एनबीटी न्यूज, फरीदबाद

इंटरनैशनल लेवल पर शिक्षा का विस्तार करने की दिशा में कदम उठाते हुए जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने पहली बार विदेशी छात्रों को दाखिला देने की शुरुआत की है। यूनिवर्सिटी ने विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी छात्रों से दाखिले के लिए 15 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी छात्रों के प्रॉस्पेक्टस जारी किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि यूनिवर्सिटी छात्रों, स्टाफ व अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग को बढ़ावा दे रही है।

### वैध स्टूडेंट या रिसर्च वीजा दिखाना होगा

यूनिवर्सिटी में किसी भी कोर्सेज में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध स्टूडेंट वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा और मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बिना दाखिला नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशी छात्रों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जाएगा और इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। इच्छुक छात्र jcboseust.ac.in/foreign-students पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग कोर्सेज में 15 प्रतिशत सीटें व अन्य कोर्सेज में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी छात्रों के लिए आरक्षित की हैं। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों लिए अलग से छात्रावास की सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआती चरण में यूनिवर्सिटी सार्क देशों से छात्रों की अपेक्षा करता है। यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि यूनिवर्सिटी ने विदेशी राष्ट्र के छात्रों के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता व प्रबंधन के विभिन्न कोर्सेज में दाखिले की पेशकश की गई है, जिसके लिए इच्छुक छात्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट jcboseust.ac.in/foreign-students पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं व प्रोस्पेक्टस प्राप्त कर सकते है। इसके अलाव छात्र ia@jcboseust.ac.in पर भी संपर्क कर सकते है। यूनिवर्सिटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उपनिदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार व ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया ( ओसीआई ), पर्सन आफ इंडियन ऑरिजन (पीआईओ), खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र हैं।

### ये हैं नियम

- किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाले उम्मीदवार व ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया ( ओसीआई ), पर्सन ऑफ इंडियन ऑरिजन (पीआईओ), खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र होंगे
- प्रवासी भारतीय (एनआरआई) व ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी यूनिवर्सिटी से की है, विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के तहत दाखिले के पात्र नहीं हैं

**NEWS CLIPPING: 03.09.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# मिशन एडमिशनः जेसी बोस विवि में अब विदेशी छात्रों को भी दाखिले का मौका

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने पहली बार विदेशी छात्रों को दाखिला देने की शुरूआत की है। दाखिले के लिए 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बुधवार को प्रास्पेक्टस जारी किया। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 फीसदी सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की हैं। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियो के लिए अलग से छात्रावास की सुविधा भी विकसित की जा रही है।

**NEWS CLIPPING: 03.09.2020**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि में विदेशी छात्रों को भी दाखिले का मौका

अमर उजाला ब्यूरो

## कुलपति प्रो. दिनेश ने जारी किया दाखिले का कार्यक्रम

## 15 सितंबर तक ही किए जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

फरीदाबाद। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का विस्तार करने की दिशा में कदम उठाते हुए जेसी बोस विश्वविद्यालय ने पहली बार विदेशी विद्यार्थियों को दाखिला देने की शुरूआत की है। विश्वविद्यालय ने विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी विद्यार्थियों से दाखिले के लिए 15 सितंबर तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए विदेशी विद्यार्थियों की दाखिला विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) जारी की। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. एसके गर्ग भी उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि अकादमिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ावा देते हुए विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी, संकाय तथा अनुसंधान के क्षेत्र में पारस्परिक आदान-प्रदान की जरूरत है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में 15 प्रतिशत सीटें और अन्य पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत सीटें विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की हैं। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा भी विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में विवि सार्क देशों से विद्यार्थियों के आने की अपेक्षा कर रहा है।